**चैत्र नवरात्र आज से**

चैत्र नवरात्र मंगलवार 9 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। बुधवार को माता का आगमन अश्व पर और 17 अप्रैल को प्रस्थान हाथी की सवारी से होगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा। वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है। रामनवमी 17 अप्रैल को है। 18 अप्रैल को नवरात्र का पारण होगा।

**प्रथम शैलपुत्री**



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए यह बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं शिवायै नमः।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

आप सभी जनपदवासियों को चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
संस्थान का कोड 2493 N.C.V.T.
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एवं D.G.E.T. द्वारा मान्यता प्राप्त
भारत सरकार द्वारा स्ट्राइव योजना में चयनित बरेली मंडल में एकमात्र निजी आईटीआई
बाला जी आई.टी.आई.
टनकपुर रोड, सैदपुर, पीलीभीत



दीपक सक्सेना (प्रबंधक)
विकास सक्सेना (प्रधानाचार्य)
मो. 9997018672, 9457893850

**रमज़ान मुबारक**
उन्तीसवां रोज़ा इफ्तार 09 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:38 बजे
शिया - 06:44 बजे
तीसवां रोज़ा सहरी 10 अप्रैल 2024
सुन्नी - 04:24 बजे
शिया - 04:19 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# त्रिस्तरीय सुरक्षा में रहंगे प्रधानमंत्री, 45 आईपीएस-पीपीएस संभालेंगे कमान

## 92 इंस्पेक्टर, 270 दरोगा, 1320 दीवान, पांच कंपनी पीएसी और एक कंपनी अर्धसैनिक बल के जवान रहेंगे मुस्तैद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : नवरात्र के पहले दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ड्रमंड कॉलेज के मैदान पर चुनावी जनसभा करेंगे। उनके आगमन से पहले सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर ली गई है। एसपीजी के अलावा करीब ढाई हजार से अधिक पुलिस कर्मी सुरक्षा की कमान संभालेंगे। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में 45 आईपीएस और पीपीएस अधिकारी मुस्तैद रहेंगे। कार्यक्रम स्थल के अलावा शहर में निर्धारित किए गए विभिन्न रूटों पर भी पुलिस बल रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी पीलीभीत में पहली बार जनसभा को संबोधित करने आएंगे। इसको लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। एसपीजी के अधिकारी और जवान कई दिन से डेरा जमाए हैं और तैयारियों को अपनी देखरेख में पूरा करा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही स्थानीय पुलिस के साथ मंथन किया। प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए कार्यक्रम स्थल पर एसपीजी समेत तीन सुरक्षा घेरे बनेंगे। एक घेरा एसपीजी, दूसरा पुलिस और तीसरा पीएसी का रहेगा। वहीं खुफिया विभाग की टीमें भी सतर्क रहेंगी। कार्यक्रम की ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी कराई जाएगी।



फ्लीट ट्रायल के दौरान वाहनों को रोकने से गौहनिया चौराहे पर लगा जाम।



प्रधानमंत्री के आगमन से एक दिन पहले सोमवार को रिहर्सल करती फ्लीट।

- एसपीजी की निगरानी में सोमवार को प्रधानमंत्री की फ्लीट ने किया रिहर्सल
- बाहर से आने वाले अफसरों और पुलिस के जवानों ने एक दिन पहले जमाया डेरा

प्रधानमंत्री की जनसभा में करीब एक लाख से अधिक लोगों के जुटने का अनुमान है। हेलीपैड से लेकर जनसभा स्थल तक सोमवार देर रात तक काम चलता रहा। मैदान में टेंट, मंच आदि की तैयारियों को सोमवार को अंतिम रूप दिया गया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर एसपीजी पिछले कई दिनों से डेरा जमाए है। सुरक्षा के लिहाज से हेलीपैड से लेकर जनसभा और शहर की सड़कों पर करीब ढाई हजार से अधिक पुलिसकर्मियों और अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें आईपीएस व पीपीएस अफसरों के अलावा 80 इंस्पेक्टर, 12 महिला इंस्पेक्टर, 255 पुरुष दरोगा, 45 महिला एसआई, 1320 हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल, 70 यातायात पुलिसकर्मी, पांच कंपनी पीएसी और अर्धसैनिक बल एक कंपनी शामिल है। जिले के अलावा रामपुर, मुरादाबाद, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, बरेली, मेरठ आदि जिलों से पुलिस बल बुलाया गया है। मंगलवार को सुबह से ही सभी अपने-अपने प्वाइंट पर तैनात हो जाएंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री के आने जाने वाले रूट पर पड़ने वाले डिवाइडर के कट और सड़कों को बैरियर लगाकर बंद किया गया है।

ट्रैफिक पुलिस की ओर से कचहरी तिराहा, नकटादाना चौराहा, यशवंतरी देवी मंदिर, गौहनिया चौराहा समेत विभिन्न स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं। जनसभा स्थल के पास बने तालाब में टीम ने स्टीमर से टीम तालाब को चेक करती रही। वहीं, प्रधानमंत्री के आगमन पर कोई भी विमान ऊपर से नहीं गुजरेगा। इसको लेकर गाइडलाइन जारी कर दी गई है।



ट्रायल करती प्रधानमंत्री की फ्लीट में शामिल गाड़ियां



तैयारियों का जायजा लेते एडीजी पीसी मीना, आईजी डॉ. राकेश सिंह व अन्य अधिकारी।

### 55 मिनट रहेंगे मोदी, एक घंटे पहले पहुंचेंगे योगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को लेकर सरकारी कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री जिले में करीब 55 मिनट तक रहेंगे। कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी 9 :35 पर दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना होंगे। इसके बाद 10 :25 पर बरेली एयरपोर्ट पर पहुंचेगे। जहां चेंज ओवर होने के बाद बरेली एयरपोर्ट से वह पीलीभीत के लिए उड़ान भरेंगे। सुबह 10 :55 पर पीलीभीत में मोमिनगंज में बने हेलीपैड पर उतरेंगे। जहां से प्रधानमंत्री कार द्वारा सुबह 11 बजे जनसभा स्थल पहुंचेगे। करीब 50 मिनट का संबोधन करके बाद 11 :55 बजे प्रधानमंत्री पीलीभीत से रवाना हों जाएंगे। वहीं, प्रधानमंत्री के आगमन से करीब एक घंटे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पीलीभीत पहुंच जाएंगे। उनका हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन में सुबह 9 .50 बजे उतरेगा। इसके बाद वह सभास्थल पर पहुंच जाएंगे। इसे लेकर समस्त तैयारियां कर ली गई हैं। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी आ सकते हैं।

### एडीजी व आईजी ने देखे सुरक्षा इंतजाम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को लेकर भारी सुरक्षा इंतजाम के बीच सोमवार को ही एडीजी बरेली पीसी मीना, आईजी डॉ.राकेश सिंह समेत कई अधिकारी आ गए। स्थानीय अधिकारियों संग किए गए सुरक्षा इंतजाम देखे। वीवीआईपी प्रोग्राम के दृष्टिगत ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल का भी निरीक्षण किया गया। पार्किंग स्थल व हेलीपैड स्थल पर भी गए। यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए।

### रिहर्सल के दौरान रास्ते किए बंद, लोग हुए परेशान

सोमवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे फ्लीट ने हेलीपैड से जनसभा स्थल तक का ट्रायल किया। जिसमें बाकायदा प्रधानमंत्री मोदी के काफिले की तरह सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। फ्लीट आने से पहले कचहरी से लेकर नकटादाना चौराहा, गौहनिया चौराहा से लेकर डिग्री कॉलेज चौराहा तक बैरियर लगाकर आवागमन बंद कर दिया गया था। फ्लीट में शामिल गाड़ियां 110 की रफ्तार से हाईवे पर गुजरीं तो देखने वालों का तांता लग गया। फ्लीट में जैमर वाहन के अलावा प्रधानमंत्री की कार के साथ अधिकारियों व सुरक्षा कर्मियों की कारें शामिल थीं। फ्लीट ट्रायल के दौरान गौहनिया चौराहा, नकटादाना चौराहा समेत विभिन्न स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रही।

# बिना किसी लोभ लालच के करें मतदान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से मतदाता जागरुकता अभियान के तहत जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए लोगों को जागरुक करने पर जोर दिया।

क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा, प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय ने जेएमबी डिग्री कॉलेज में हुई बैठक में कहा कि पीलीभीत में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए मतदाता जागरण अभियान चलाया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए जिला, प्रखंड और नगर स्तरीय मतदाता जागरण अभियान समिति बनाई गई। समिति वार्ड एवं बूथ स्तर पर जाकर जन जागृति के लिए व्यापक संपर्क करेगी। आवाहन किया जाएगा कि जाति धर्म व संप्रदाय से प्रभावित न हो और अपने मनोनुकूल उम्मीदवार को समाज हित में वोट करके चुनें। बिना किसी लोभ लालच में आकर मतदान करें। जिला प्रमुख डॉ. गौरव वर्मा ने कहा कि हमें मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए नेशन फर्स्ट वोटिंग मस्ट की अवधारणा पर कार्य करना है। यदि युवाओं को उत्कृष्ट भारत निर्माण करना है तो उसके लिए शत प्रतिशत मतदान कराने को भरसक प्रयास करने होंगे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जातिवाद न क्षेत्रवाद सबसे पहले राष्ट्रवाद को ध्यान में रखते हुए मतदान करें। इस मौके पर अरविंद वर्मा, प्रेम मौर्य, जतिन भारती, अरुण पांडे, आयुष मिश्रा, आलोक सक्सेना, राहुल मिश्रा, अरुण सूर्यवंशी, शुभम भारती, रचित अर्पित आदि मौजूद रहे।




बैठक के लिए एकत्र अभाविप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- मतदाता जागरुकता को लेकर अभाविप की बैठक आयोजित

# आज बंद रहेंगे 40 स्कूल, अधिवक्ता हड़ताल पर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा को लेकर भारी संख्या में भीड़ उमड़ेगी। गौहनिया चौराहा से कचहरी मार्ग से प्रधानमंत्री का काफिला गुजरेगा। इस दौरान कई मार्गों पर आवागमन बंद रहेगा। ऐसे में एक तरफ अधिवक्ताओं की हड़ताल रहेगी, ताकि कोई दिक्कत न हो। वहीं, ड्रमंड कॉलेज समेत शहरी क्षेत्र के 40 स्कूल कॉलेजों को बंद रखा जाएगा। इनमें 19 प्राइवेट स्कूल और 21 सरकारी व अर्ध सरकारी विद्यालय शामिल हैं।

मंगलवार को प्रधानमंत्री सुबह 11 बजे ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचेंगे। सुरक्षा के लिहाज से शहर में सुबह छह बजे से टनकपुर हाईवे पर वाहनों के आने जाने पर प्रतिबंध रहेगा। पुलिस ने जगह-जगह बैरियर लगाकर बंद किया गया है। जबकि इस रूट पर कई सारे स्कूल और कॉलेज बने हुए हैं। ऐसे में छात्र-छात्राओं को स्कूल पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार ने करीब 40 से अधिक शहरी क्षेत्र के स्कूलों को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसमें बेनहर पब्लिक स्कूल, बेनहर किड्स, स्प्रिंगडेल कॉलेज, अंवती बाई इंटर कॉलेज, ड्रमंड कॉलेज, ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, रामलुभाई महाविद्यालय, जेएमबी डिग्री कॉलेज, जीजीआईसी, चिरौंजी लाल इंटर कॉलेज, रामा इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज, कंपोजिट स्कूल पुलिस लाइन, प्राथमिक विद्यालय देशनगर, प्राथमिक विद्यालय कोहना, कंपोजिट विद्यालय पकड़िया नौगवां, रानी अवंती बाई जूनियर हाईस्कूल, संतराम सरस्वती शिशु मंदिर, मदर ग्रेस पब्लिक स्कूल, प्राथमिक विद्यालय रेलवे कॉलोनी, दिल्ली पब्लिक स्कूल,गुरुकुल पब्लिक स्कूल, लिटिल एंजेल्स स्कूल, स्प्रिंगडेल किड्स, लार्ड कृष्ण स्कूल, सेंट एलायसिस कॉलेज, पुष्ट इंस्टीट्यूट, लायंस बाल विद्या मंदिर, अंगूरी देवी इंटर कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय, स्पर्श वर्ड स्कूल, कंपोजिट परिषदीय आदर्श, प्राथमिक विद्यालय दियूनी केसरपुर, कंपोजिट विद्यालय काशीराम आवास, कंपोजिट विद्यालय डोरीलाल भीमसेन, जूनियर हाईस्कूल सुनगढ़ी, अवध पब्लिक स्कूल, प्राथमिक विद्यालय नौगवां नंबर एक, कंपोजिट विद्यालय गौहनिया और आर्य कन्या इंटर कॉलेज को शामिल किया गया है।

- शहर में रूट डायवर्जन के चलते लिया गया निर्णय
- सुबह छह बजे से बंद हो जाएगा विभिन्न मार्गों पर आवागमन

> प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर सुरक्षा कारणों से कई मार्गों पर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे में किसी तरह की दिक्कत न हो। इसको देखते हुए 40 स्कूल और कॉलेजों में मंगलवार को अवकाश घोषित कर दिया गया है।
> **- गिरजेश कुमार चौधरी**, डीआईओएस

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा को लेकर सुरक्षा कारणों के चलते आवागमन बाधित रहेगा। जन सामान्य को कचहरी आने में असुविधा होगी। मंगलवार को नवरात्रि का पहला दिन भी है। लोग पूजा अर्चना मे व्यस्त रहते हैं। इसी को देखते हुए अधिवक्ता कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे। अदालती कामकाज नहीं होगा। **- धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट**, अध्यक्ष, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन

# भाषण प्रतियोगिता में अंजलि अंशिका और तुलसी विजेता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में सोमवार को स्वीप मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने मतदान के अधिकार एवं उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि उत्तम जनप्रतिधि को चुनने के लिए प्रत्येक मतदाता की मतदान में भागीदारी आवश्यक है। प्रत्येक युवा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। भाषण प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें बीबीए की अंजली प्रथम, बीसीए की अंशिका द्वितीय और डीएलएड तुलसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद, आलोक उपाध्याय, राजपाल, अवनीन्द्र गंगवार, सचिन कुमार, सजीव श्रीवास्तव, डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. कृष्णा शर्मा, शाहिद खान, प्रदीप कुमार, सोनिया सिंगला, श्रद्धा सिंह आदि मौजूद रहे। उधर, कॉलेज की दूसरी विंग में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती प्रिया आनन्द ने विद्यार्थियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस की जानकारी दी। विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए प्रातःकालीन टहलना, योगा करना, पौष्टिक आहार और जंक फूड से दूरी बनाने के सुझाव दिए। पोस्टर प्रतियोगिता हुई, जिसमें अन्नया मिश्रा प्रथम, परवीन कौर द्वितीय और पवनदीप कौर तृतीय स्थान पर रहे।



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं।

# कल से दो शिफ्टों में 6696 मतदान कार्मिकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान ड्यूटी करने वाले 6696 मतदान कार्मिकों को 10 अप्रैल से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का खाका तैयार किया जा चुका है। दो शिफ्टों में प्रशिक्षण 15 अप्रैल तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान गैरहाजिर रहने वाले मतदान कार्मिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

पीलीभीत लोकसभा सीट पर प्रथम चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसको लेकर संसदीय क्षेत्र में 1242 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसको लेकर 1674 पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं। इन पोलिंग पार्टियों में 6696 कर्मियों को पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन सभी मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का खाका तैयार किया जा चुका है। सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 10, 12, 13, 14 एवं 15 अप्रैल तक चलेगा। प्रशिक्षण प्रथम पाली में प्रातः साढ़े नौ बजे से अपरान्ह एक बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह दो बजे से सायं साढ़े पांच बजे चलेगा। प्रत्येक पाली में 208 पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण की व्यवस्था 26 कमरों में की गई है। प्रत्येक कमरे में आठ पोलिंग पार्टियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था रहेगी।

निर्वाचन कार्यों में शिथिलता बरतने एवं गैरहाजिर रहने वाले मतदान कार्मिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। प्रशिक्षण स्थल बेनहर कॉलेज को बनाया गया है।

- गैरहाजिर रहने वाले मतदान कार्मिक के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

> निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण 10 अप्रैल से 15 अप्रैल तक दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम संबंधी सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान कर सकेंगे। **- धर्मेंद्र प्रताप सिंह**, सीडीओ

### पोस्टल बैलेट के जरिए कर सकेंगे मतदान

चुनाव ड्यूटी करने वाले 6696 मतदान कार्मिक पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान कर सकेंगे। इसको लेकर प्रशिक्षण स्थल पर व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए मतदान कार्मिकों को प्रारुप 12 के साथ निर्वाचन ड्यूटी एवं मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।

# 12 को पूरनपुर में चुनावी जनसभा करेंगे सपा मुखिया अखिलेश यादव



जनसभा को लेकर मैदान देखने पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा।

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए पीलीभीत में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसे लेकर राजनीतिक दलों के नेता अपने-अपने प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने को जुटे हैं। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार के समर्थन में जनसभा करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 12 अप्रैल को यहां आएंगे। उनकी जनसभा पूरनपुर में होगी। सोमवार को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने पूरनपुर पहुंचकर जनसभा के लिए चिह्नित किए गये मैदान पर जाकर देखा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष पवन यादव, नोमान अली वारसी, गौस मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

- सपा नेताओं ने शुरू की तैयारी जनसभा के लिए देखा मैदान

# दुर्जनपुर कलां के दो घरों में लगी आग नहीं पहुंची दमकल

**पूरनपुर, अमृत विचार:** दो घरों के छप्परों में अचानक लगी आग से घरेलू सामान जल गया। तहसील क्षेत्र के गांव दुर्जनपुर कलां निवासी प्रभु दयाल मजदूरी करते हैं। सोमवार को उनके छप्पर में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग भीषण हो गई। परिवार वाले शोर मचाते हुए बाहर निकले। इस पर भीड़ जमा हो गई। आग ने पड़ोस के ही जयराम के छप्पर को भी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची लपटें और धुआं उठती रहीं। आरोप है कि सूचना के बाद भी दमकल टीम मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने हैंडपंप और गड्ढों में भरे पानी की मदद से आग पर काबू किया। हादसे में दोनों छप्परों में रखा अनाज, कपड़े, बिस्तर समेत अन्य घरेलू सामान जल गया। तहसीलदार वीरेंद्र कुमार ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी का ऐतिहासिक स्वागत करेगी जनताः जितिन प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने सोमवार को बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के मानपुर हटुआ, बिठौराकलां, कुठिया रते, हटुआ विजुलाई, अमखेड़ा, वाहनपुर, जैतपुर, मुडैलाकलां, भूड़ा सहराई, माला कालोनी, गोयल कालोनी आदि गांवों में नुक्कड़ सभाएं कीं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और मंगलवार को होने वाली जनसभा में पहुंचने की अपील की।

भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को जनपद में आ रहे हैं। यहां पर उनका भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत करने के लिए लोग लालायित हैं। पिछले दस वर्षों में पहली बार प्रधानमंत्री पीलीभीत की धरती पर पधारेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के सभी वर्गों को एक साथ विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाया है। महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस करती हैं। नौजवानों का भविष्य भी मोदी के संरक्षण में उज्ज्वल है। रोज़गार के लिये नौज़वानों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता है। इस मौके पर बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा, कमलेश गंगवार, महेश राजपूत, नन्दलाल वर्मा, महेश वर्मा आदि मौजूद रहे।



नुक्कड़ सभा को संबोधित करते जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

- भाजपा प्रत्याशी ने बरखेड़ा क्षेत्र में कीं नुक्कड़ सभाएं

# शत प्रतिशत मतदान की दिलाई गई शपथ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** मतदाताओं चलो बूथ की ओर कार्यक्रम के तहत सिद्दीक नेशनल इंटर कॉलेज में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान स्वीप कोऑर्डिनेटर ने मतदाताओं को मतदाता जागरूकता निमंत्रण पत्र भी दिए।

शहर स्थित सिद्दीक नेशनल इंटर कॉलेज स्थित मतदान केंद्र पर पिछले विधानसभा चुनाव में 56.42 फीसदी मतदान हुआ था। इस मतदान पर लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने को सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जनपदीय स्वीप कोऑर्डिनेटर शिक्षक इंतज़ार ख़ान के नेतृत्व में इंतज़ार ख़ान ने मतदाताओं को लोकतंत्र का महापर्व दिवस 19 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कहा कि इस बार पीलीभीत में शत-प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसे हर हाल में पूरा करना है। इस दौरान स्वीप कोऑर्डिनेटर ने मतदाताओं को मतदाता जागरूकता निमंत्रण पत्र देकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। प्रधानाचार्य डॉ. जावेद अहमद ने मतदाताओं एवं छात्र छात्राओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराई। रैली निकालकर भी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

- स्वीप कोऑर्डिनेटर ने की मतदाता जागरुकता निमंत्रण पत्र देकर मतदान करने की अपील

रमज़ान मुबारक
उन्तीसवां रोज़ा इफ्तार 09 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:31 बजे
शिया - 06:40 बजे
तीसवां रोज़ा सहरी 10 अप्रैल 2024
सुन्नी - 04:13 बजे
शिया - 04:16 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वारिस अली अंसारी
समाजसेवी, सदस्य जिला पंचायत
पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद
निवास : गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर खीरी

# आज से विराजेंगी माता रानी, श्रद्धालुओं ने की तैयारी

## चैत्र नवरात्र आज से, देवी मंदिरों को सजाया गया, मां संकटा देवी मंदिर में निकलेंगी प्रभातफेरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- घरों में घट स्थापना से लेकर मां के नौ स्वरूपों की पूजा की तैयारी

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो रहे हैं। सोमवार को दिन भर घर से लेकर देवी मंदिरों में तैयारियां होती रहीं। मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया। घरों में भी घट स्थापना से लेकर मां के नौ स्वरूपों का पूजन करने के लिए भक्त तैयारियों में लगे रहे। मातारानी के परिधानों से लेकर फलों और पूजन सामग्री की लोगों ने खरीदारी की।

शहर के प्राचीन मंदिर मां संकटा देवी में 17 अप्रैल तक रोजाना विशेष पूजन के साथ पाठ होगा। संकटा देवी मंदिर में संकटा देवी मंदिर में देर रात तक तैयारियां होती रही। मंदिर की साफ सफाई से लेकर नौ दिन तक चलने वाले अनुष्ठान के लिए मंदिर प्रशासन सुबह से ही लग गया। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। मंदिर के पुजारी अंकुर शुक्ला ने बताया कि मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापना सोमवार रात 11.09 से मध्यरात्रि 01.14 बजे धनु लग्न में होगी।सोमवार से नौ दिन तक रोजाना सुबह 05.30 बजे मंदिर से प्रभातफेरी निकलेगी और 15 अप्रैल तक शाम तीन से रात सात बजे तक श्रीराम कथा होगी।

**बढ़ गई फल और मेवा की मांग :** नवरात्र को लेकर फल और मेवा की डिमांड बढ़ गई। सेब 140 रुपये से 200 रुपये किलो तक बिका। वहीं केला 50 से 60 रुपये दर्जन तक बिके। इसी तरह अंगूर, अनार, संतरा पर भी दस से लेकर बीस रुपये तक दाम बढ़ गए। मेवा, कुट्टू आटा सामान्य दिनों की तरह ही बिका।


नवरात्र के लिए फलों की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार


माता की चुनरी और पूजा का सामान खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


पौराणिक संकटा देवी मंदिर में स्थापित मां संकटा मैय्या।

- संकटा देवी मंदिर में महाआरती का समय- रात सात से 9 .30 बजे तक
- श्रीराम कथा- प्रतिदिन दोपहर तीन से रात सात बजे तक।
- देवी जागरण- 15, 16 व 17 अप्रैल
- हवन और भंडारा- 17 अप्रैल
- मूर्ति विसर्जन- 18 अप्रैल

| | |
|---|---|
| मां का आसन | 150 से 200 रुपये तक |
| चुनरी | 10 से लेकर 300 रुपये तक |
| पूजन सामग्री | कीमत मात्रा के अनुसार |
| नवरात्र कलेंडर | 15 से 50 रुपये |
| माला | 21 से लेकर 101 रुपये तक |
| नारियल | 170 से 200 रुपये किलो |

घटस्थापना का शुभ मुहूर्त :- दिन- प्रात : 05 :28 से सुबह 10 : 44 तक।

अभिजित मुहूर्त : सुबह 11 :36 से दोपहर 12 :24 तक

### घटस्थापना पूजा विधि

मिट्टी को चौड़े मुंह वाले बर्तन में रखकर सप्तधान्य बोएं। अब उसके ऊपर कलश में जल भरें और उसके ऊपरी भाग( गर्दन)में कलावा बांधें। आम या अशोक के पत्तों को कलश के ऊपर रखें।नारियल में कलावा लपेटे।उसके बाद नारियल को लाल कपड़े में लपेटकर कलश के ऊपर और पत्तों के मध्य रखें।घटस्थापना पूरी होने के पश्चात् मां दुर्गा का आवाहन करते हैं।


माता की मूर्ति को अंतिम रूप देते मंदिर कमेटी के लोग। ● अमृत विचार

### नवसंवत्सर : मंगल होंगे राजा, मांगलिक उत्सव होंगे ज्यादा



**लखीमपुर खीरी।** चैत्र नवरात्र के साथ ही मंगलवार से हिंदू नवसंवत्सर का भी आगाज होगा। इसदिन यानि चैत्र माह की शुक्ल प्रतिपदा से हिन्दू नववर्ष की शुरुआत होती है। सनातन धर्म के अनुसार इसी दिन सृष्टि का आरंभ हुआ था। स्वर्गीय श्रीमती चन्द्रकला आश्रम एवं संस्कृत विद्यापीठ के महंत प्रमोद दीक्षित बताते हैं कि इस बार नवसंवत्सर के राजा मंगल हैं। उनके प्रभाव से मांगलिक कार्य भी ज्यादा होंगे। उन्होंने बताया कि इस साल पर मंगल और शनि का प्रभाव रहेगा। इस वर्ष विभिन्न क्षेत्र में नई उपलब्धियां देखने को मिलेंगी। शनि के मंत्री बनने से प्रशासक वर्ग, राजनेताओं का व्यवहार लोगों के प्रति कठोर और असंतोषजनक रहेगा। राजा जब मंगल होता तो वर्षा बहुत अधिक होती है या फिर बहुत कम। मगर, वर्ष पर्यंत मांगलिक उत्सव अधिक होंगे। लोगों में दान दया एवं धार्मिक कार्यों की प्रवृत्ति बढ़ेगी। इसके अलावा भूकंप, अग्नि भय, राजनीतिक युद्ध की स्थितियां भी बन सकती हैं। आयुर्वेद, योग, चिकित्सा संबंधी प्रणाली का प्रसार अधिक होगा। महंत प्रमोद दीक्षित बताते हैं कि इस संवत 2081 को कालमुक्त नाम से जाना जाएगा।

### चैत्र नवरात्रः अश्व पर आकर हाथी पर जाएंगी मां



**लखीमपुर खीरी।** चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्र की शुरुआत होती है। इसदिन से ही हिंदू नव वर्ष प्रारंभ होता है। पंडित कमल किशोर मिश्र बताते हैं कि ज्योतिष गणनानुसार इस वर्ष माता के आगमन की सवारी अश्व है और विदाई का वाहन हाथी रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिपदा तिथि आठ अप्रैल को रात 11 :55 मिनट से प्रारंभ होगी। उदयातिथि में नौ अप्रैल को कलश स्थापना कर पहले दिन मां शैलपुत्री का व्रत होगा। कलश स्थापना का शुभ समय अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 :36 से दोपहर 12 : 24 मिनट तक है।

## पहले मतदान फिर जलपान के लिये किया जागरूक

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य एपी सरोज की अध्यक्षता में विद्यार्थियों को मतदान करने के लिये जागरुक किया गया गया।

कालेज की प्रार्थना सभा में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि मतदाता साक्षरता क्लब के सदस्यों के माध्यम से अपने घर के और आसपास जो भी वोटर हैं वह 13 मई को वोट डालने अवश्य जाएं। लोकतंत्र के महापर्व में अपना योगदान सुनिश्चित करें, अपने वोट का अधिकार समझें। प्रधानाचार्य एपी सरोज ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर, स्लोगन, निबंध और सेल्फी प्वाइंट बनाकर वोटर को जागरूक किया जाएगा।

## शिविर में 185 पशुओं का उपचार

**पलिया कलां, अमृत विचार :** एसएसबी समवाय सूंडा ने गांव सुरमा में एक पशु चिकित्सा शिविर लगाया, जिसमें वाहिनी की पशु चिकित्सक डॉ. शालिनी परिहार व द्वितीय कमान अधिकारी ( पशु चिकित्सा ) ने पशुओं की मुफ्त चिकित्सा की और दवाओं का वितरण किया। शिविर में कुल 185 पशुओं का इलाज किया गया। साथ ही डॉ. शालिनी परिहार ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, फौज में भर्ती होने के तरीके एवं पशुपालकों को गर्मी के मौसम में जानवरों को लू से बचाने आदि के तरीके बताए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# कड़ी सुरक्षा में अदा की जाएगी ईद की नमाज, तैयारियां दुरुस्त

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- अंजुमन इस्लामिया वक्फ ने ईद पर नमाज अदा करने का समय तय किया

**अमृत विचार :** अंजुमन इस्लामिया वक्फ की ओर से ईद के मौके पर शहर की मस्जिद ईदगाह, नौरंगाबाद और विभिन्न मस्जिदों में ईदुल फितर की नमाज अदा करने का समय तय कर दिया है। अंजुमन इस्लामिया वक्फ के सक्रेटरी रिजवान रशीद खां ने बताया कि तयशुदा समय पर बिना इंतजार के नमाज अदा की जाएगी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी।

### लखीमपुर शहर में नमाज का समय

1. मस्जिद ईदगाह- सुबह 8 :45 बजे
2. ईदगाह नौरंगाबाद- सुबह 9 :15 बजे
3. मस्जिद मीनारा- सुबह 09 :00 बजे
4. मस्जिद गोटैया बाग- सुबह 09 : 45 बजे
5. मस्जिद हाथीपुर कोठार- सुबह 08 :30 बजे
6. मस्जिद हुदा हिदायतनगर- सुबह 08 :30 बजे
7. मस्जिद कचहरी- सुबह 8 :30 बजे
8. मस्जिद महाराजनगर- सुबह 7 :45 बजे
9. गौसिया मस्जिद महाराजनगर- सुबह 07 :45 बजे
10. सुनहरी मस्जिद- सुबह 10 :00 बजे
11. अजमेरी मस्जिद हाथीपुर- सुबह 08 :30 बजे
12. मस्जिद गुलजारनगर- सुबह 08 :30 बजे
13. हुसैनी मस्जिद हिदायतनगर- सुबह 08 :30 बजे
14. मस्जिद शमशेरनगर- सुबह 08 :30 बजे
15. मस्जिद गरीब नवाज इस्लामनगर- सुबह 08 :30 बजे
16. मस्जिद कादरी गुलजार नगर- सुबह 08 :30 बजे
17. रफाकती मस्जिद हिदायतनगर- सुबह 09 :00 बजे
18. मदीना मस्जिद हिदायतनगर- सुबह 08 :30 बजे
19. छाउछ पुरानी मस्जिद- सुबह 07 :45 बजे
20. मस्जिद मथना शरीफ- सुबह 08 :30 बजे
21. मस्जिद बिलाल हिदायतनगर- सुबह 08 :30 बजे

22 बरकाती मस्जिद नौरंगाबाद- सुबह 08 :00 बजे

# गुस्से में ग्रामीण, 'रोड नहीं तो वोट नहीं'

संवाददाता, रोशननगर

- मूड़ाविश्नू की सामूहिक पंचायत में मतदान के बहिष्कार का ऐलान
- पंचायत में कई गांवों के ग्रामीणों ने लिया हिस्सा, जताया विरोध

**अमृत विचारः** इलाके की समस्याओं पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। जिसको लेकर ग्रामीणों ने सामूहिक पंचायत कर रोड नहीं तो वोट नहीं का ऐलान कर मतदान के बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

कुंभी ब्लाक की ग्राम पंचायत मूड़ाविश्नू में हुई पंचायत में ग्राम मूड़ाविश्नू, मझिगवां, बेलवा, मुगलाखेड़ा समेत कई गांव के लोग एवं क्षेत्रवासियों ने उपस्थित होकर क्षेत्र के संपर्क मार्गो की प्रमुख समस्या को उठाया, जिसमें मझिगवां से बैदाखेड़ा तक पांच किलोमीटर का मार्ग एवं मूड़ाविश्नू से घरथनिया अजान रोड तक संपर्क मार्ग एक किलोमीटर सड़क के निर्माण की मांग पर सामूहिक चर्चा की गई। ग्रामीणों ने कहा कि मौजूदा विधायक, सांसद एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री पोर्टल एवं हेल्पलाइन नंबर 1076 पर भी अपनी समस्याओं को बता चुके हैं, जिसमें सिर्फ आठ वर्षों से आश्वासन ही मिला है।

जर्जर सड़कों के कारण आए दिन समस्या बढ़ती जा रही है। दोनों सड़कों में वर्तमान समय में गहरे गड्ढे हो चुके हैं, जिससे गोला को जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं क्षेत्रवासियों को सड़क दुर्घटनाओं की समस्या झेलनी पड़ रही है। मुगलाखेड़ा वालों का कहना है कि पहले पोलिंग बूथ उनके गांव में हुआ करता था, अब उन्हें दो किलोमीटर दूर मूड़ाविश्नू में वोट डालने जाना पड़ता है। वह रोड इतना खराब है कि पैदल चलना तक दुश्वार है। पंचायत ने सामूहिक रूप से लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया और जब तक रोड नहीं तब तक वोट नहीं के नारे लगाते हुए अपना रोष व्यक्त किया।


मूड़ाविश्नू की पंचायत में मौजूद बड़ी संख्या में कई गांवों के ग्रामीण। ● अमृत विचार

# आंबेडकर जयंती मनाने से रोका तो होगा आंदोलन

संवाददाता, मैगलगंज

- राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर अनुमति की बाध्यता से नाराज

**अमृत विचारः** कआंबेडकर जयंती के कार्यक्रम के लिए इस बार प्रशासन ने अनुमति लेने को कहा है। आयोजकों के पास थाने से इस बाबत सूचना आने के बाद लोगों में रोष है। पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदेश भाजपा प्रवक्ता जुगुल किशोर ने अनुमति की बाध्यता पर नाराजगी जताई। कहा है कि प्रशासन कार्यक्रम करने पर रोक लगाता है तो बड़ा आंदोलन करेंगे।

14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम होना है। लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है। साथ ही जिले में धारा 144 भी प्रभावी है। इस कारण प्रशासन इस कार्यक्रम को बिना अनुमति न मनाने की अपील कर रहा है। पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदेश भाजपा जुगुल किशोर ने इस पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें वह कह रहे हैं कि रमजान में छोटी से छोटी मस्जिद में सैकड़ों मुस्लिम भाई नमाज अता करते हैं। क्या उनके लिए आचार संहिता की निषेधाज्ञा लागू नहीं होती। पूरे देश में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। इस बार भी कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ मनाया जाएगा, जिसके लिए वह कोई अनुमति नहीं लेंगे। यदि दलित समाज को बाध्य किया गया तो बड़ा आंदोलन होगा।


जुगुल किशोर।

## किसान सरकारी क्रय केंद्र पर बेचें गेहूं:डीएम

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** एक अप्रैल के बाद क्रय केंद्रों पर सक्रियता बढ़ा दी गई है। विपणन विभाग के अधिकारी क्रय केंद्रों के साथ ही गांवों में जाकर किसानों का पंजीयन करा रहे हैं। खास बात यह कि क्रय केंद्रों पर प्रति क्विंटल 20 रुपये तौलाई के पैसे भी इस बार किसानों को वापस कर दिए जाएंगे। गेहूं के प्रति क्विंटल 2275 रुपये के साथ ही तौलाई की रकम भी किसान के खाते में भेजी जाएगी।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह अपनी गेहूं की फसल नजदीकी क्रय केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचें। किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी एवं संबंधित उप जिलाधिकारी को सूचना देकर उसका निदान कर सकते हैं। किसी प्रकार की शिकायत आने पर कड़ी कार्रवाई जाएगी।

## श्रद्धालुओं ने की चुनरी, नारियल, ध्वज की खरीदारी

**गोला गोकर्णनाथ।** मंगलवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं ने तैयारी शुरू कर दी है। नारियल, चुनरी के अलावा रोली, पान, घी, धूपबत्ती, सुपारी, लौंग, कपूर, इलायची सहित पूजन में प्रयोग होने वाली सामग्री की खरीदारी की। नौ दिन के व्रत में अन्न से परहेज किया जाता है इस लिए बाजार में कुट्टू आटा, सिंघाड़े के आटा, फल, मेवा आदि की दुकाने सजी थीं, जिन पर लोग खरीदारी करते नजर आए। नवरात्र के दौरान माता रानी को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालु कलश स्थापना, अखंड ज्योति, माता की चौकी आदि कई तरह से पूजा करते हैं। मान्यता है कि विधि विधान से पूजा, व्रत करने पर मां प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामनाएं शीघ्र ही पूर्ण करती हैं।



ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL RMCH BAREILLY Excellence towards profession
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। फोन : 0581-2526011, 2526012
द्वारा
नि:शुल्क नेत्र व दन्त चिकित्सा शिविर
दिनांक-12 अप्रैल 2024, दिन-शुक्रवार समय-प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
❑ आँखो के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
❑ मोतियाबिंद का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
❑ मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
❑ यदि मोतियोबिन्द निकलता है तब आपरेशन रोहिलखण्ड हास्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा घर पर बता कर आयें।
❑ मोतियाबिन्द के मरीज घर से पहचान पत्र, राशन कार्ड या आधार कार्ड में से कोई एक डॉक्यूमेंट अवश्य लायें, साथ ही कम्बल लाना न भूलें।
❑ दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त।
नोट
निशक्त जन सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांग जनो को उनकी जरुरत के मुताबिक ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, वैसाखी, कान की मशीनें वितरण की जायेंगी प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन करायें।
शिविर स्थान
अंकुर राईस मिल, निकट असम चौराहा, पूरनपुर रोड, पीलीभीत
सौजन्य से
अमृत लाल अध्यक्ष
नि:शक्त जन सेवा संस्थान पीलीभीत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकीब उद्दीन मो. नं. 8534088093

# बाघों में हिंसा का कारण जानने आई वाइल्ड लाइफ की टीम

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** जंगल छोड़कर आबादी के निकट रह रहे बाघ हिंसक हो रहे हैं, जिन्होंने क्षेत्र में कई लोगों पर हमला कर छुट्टा पशुओं को निवाला तक बनाया है। सोमवार को वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की टीम ने कोरैया समेत कई गांव का भ्रमणकर जानकारी एकत्र की, जिसकी रिपोर्ट वह वन विभाग के अधिकारियों को भेजेंगे।

रविवार को बाघ ने तीन लोगों को घायल कर दिया था। वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया ( डब्लयूटीआई ) के लीगल एडवाइजर जीपी सिंह, सोशियोलॉजिस्ट श्रुति सिंह चौहान ने अपनी टीम और दक्षिण खीरी वन प्रभाग के डीएफओ संजय बिस्वाल, रेंजर संजीव कुमार तिवारी के साथ सोमवार को घटना स्थल देखा। टीम ने उसके बाद इमलिया कोठी, जार का भी निरीक्षण किया। यहां भी पिछले हफ्ते एक युवक को बाघ ने घायल कर दिया था। टीम ने यह जानने का प्रयास किया कि आखिर बाघ जंगल छोड़कर खेतों और मैदाने में क्यों आकर हिंसक हो रहे हैं। उन्होंने तमाम लोगों से जानकारियां की और फिर वन अधिकारियों और कर्मचारियों से भी गहन चर्चा की है।


कोरैया गांव के पास ग्रामीणों से जानकारी करती वाइल्ड लाइफ की टीम।

# अपना दल एस की समन्वय बैठक में लोकसभा चुनाव पर चर्चा


अपना दल की बैठक में बोलते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** अपना दल एस के कार्यालय पर लोकसभा चुनाव पर चर्चा कर कार्यकर्ताओं से जी जान से जुट जाने का आह्वान किया गया।

अपना दल एस के जिला अध्यक्ष राजीव पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक के मुख्य अतिथि लोकसभा खीरी के प्रभारी ओमप्रकाश पटेल ने कहा कि खीरी तथा धौरहरा दोनों सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों को चुनाव जीतने में अहम भूमिका निभायें। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षों से कहा कि बूथ स्तर तक के सभी पदाधिकारी प्रधानमंत्री मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी के डबल इंजन की सरकार में गरीबों के हित में किए गए कार्यों को लोगों तक पहुंचाएं। बैठक में सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

